भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन
जवाहर लाल नेहरू मार्ग
(पुराना मिंटो रोड)
नई दिल्ली – 110 002

<u>निविदा दस्तावेज</u>

दिनांक : मई, 2020

# भादूविप्रा मुख्यालय में प्रतिष्ठापित फोटोकॉपीयर मशीनों के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा (सीएएससी)

(www.trai.gov/in पर देखें)

<u>विषय सूची</u>


| भाग | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| भाग – एक | सूचना आमंत्रण निविदा | 3 से 4 |
| भाग – दो | निविदा जमा करने के लिए अनुदेश | 5 से 10 |
| भाग – तीन | संविदा के निबंधन और शर्तें | 11 से 14 |

अनुबंध

| | | |
|---|---|---|
| एक | बोली प्रपत्र | 15 |
| दो | घोषणा | 16 |
| तीन | फोटोकॉपीयर मशीनों का ब्योरा | 17 |
| | निविदा जमा पत्र | 18 से 19 |

भाग – एक

संख्या 7–1/2020– जीए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन, जाकिर हुसैन कॉलेज के निकट
जवाहर लाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड)
नई दिल्ली – 110 002
(**www.trai.gov.in** पर देखें)

खुली निविदा पूछताछ (ओटीई)

''भादूविप्रा मुख्यालय में प्रतिष्ठापित फोटोकॉपीयर मशीनों के लिए व्यापक वार्षिक संविदा (सीएएमसी)'' हेतु

| | | |
|---|---|---|
| जारीकर्ता अधिकारी | : | सामान्य प्रशासन शाखा<br>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण<br>महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (पुराना मिंटो रोड)<br>नई दिल्ली– 110002 |
| निविदा संख्या | : | सं. 27–05/ 2018–जीए |
| निविदा जारी करने की तारीख | : | 01 मई, 2020 |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख | : | 15 मई, 2020 तक, समय 15:00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तारीख | : | 15 मई, 2020 को 15:30 बजे (यदि निविदा खोले जाने की तारीख को भारत सरकार द्वारा अवकाश घोषित किया जाता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस में 15:30 बजे खोला जाएगा) |
| निविदा दस्तावेज निम्न से प्राप्त करे | : | वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (सामान्य प्रशासन)<br>भारतीय दूसरंचार विनियामक प्राधिकरण,<br>सातवां तल, महानगर दूरसंचार भवन,<br>जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्ली – 110 002<br>या<br>भादूविप्रा के वेबसाइट www.trai.gov.in और सीपीपी पोर्टल http://eprocure.gov.in/CPPP से डॉउनलोड करे। |
| ब्याना राशि | : | रुपये 5,000/– (पांच हजार रुपये मात्र) |
| कार्य का कुल अनुमानित लागत | : | एक वर्ष के लिए लगभग 2,50,000/– रुपये |
| प्रतिभूति जमा राशि | : | संविदा मूल्य के 10 प्रतिशत के बराबर |

2. भादूविप्रा, नई दिल्ली में प्रतिष्ठापित फोटोकॉपीयर मशीनों की मरम्मत और व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा (सीएएमसी) के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से मुहरबंद सीमित निविदा आमंत्रित है।

3. बोली मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाना चाहिए जिस पर मोटे अक्षरों में ''भादूविप्रा, नई दिल्ली में प्रतिष्ठापित फोटोकॉपीयर मशीनों की मरम्मत और व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा (सीएएमसी) के लिए खुली निविदा'' लिखा जाए।

4. बोलीकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदि दस्तावेजों को सावधानी पूर्वक पढ़े और उसमें वर्णित विभिन्न प्रावधानों और उसके निहितार्थ को समझ लें।

5. बोलीकर्ताएं निविदा दस्तावेज के साथ बोली प्रतिभूति राशि (ईएमडी) रुपये 5000/– (पांच हजार रुपये मात्र) पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ''भादूविप्रा'' के पक्ष में किसी भी अनुसूचित बैंक में आहरित और नई दिल्ली में देय जमा करे।

6. इच्छुक अर्हक बोलीकर्ता इसे भादूविप्रा के वेबसाइट अर्थात www.trai.gov.in और सीपीपी पोर्टल अर्थात् http://eprocure.gov.in/CPPP से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

7. स्पष्टीकरण : यदि किसी भावी बोलीकर्ता को निविदा के किसी निबंधन और शर्तों के संबंध में कोई स्पष्टीकरण चाहिए तो बोलीकर्ता निविदा जमा करने की अंतिम तारीख से पहले अधोहस्ताक्षरी से मिलकर या टेलीफोन पर सम्पर्क कर सकता है।

(मनीष नेगी)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (सामान्य प्रशासन)
दूरभाष : 011–23664141

भाग – दो

निविदा जमा करने संबंधी अनुदेश

1. प्रस्तावना

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) की ओर से अधोहस्ताक्षरी को निम्न निबंधनों और शर्तों पर अनुबंध– एक में दिए गए बोली प्रपत्र के अनुसार ''भादूविप्रा मुख्यालय में प्रतिष्ठापित फोटोकॉपीयर के लिए व्यापक वार्षिक अनुरक्षण संविदा (सीएएमसी)'' के लिए मुहरबंद खुला निविदा पूछताछ (ओटीई)'' (ब्योरा अनुबंध– तीन पर देखा जा सकता है) आमंत्रित करने का निदेश हुआ है।

2. अर्हता शर्तें :–

(1) फर्म को भारत में पंजीकृत होना चाहिए।

(2) फर्म के पास तकनीकी विशेषज्ञों की अच्छी टीम होनी चाहिए और पिछले पांच वर्षों में उसे किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार, सरकारी क्षेत्र के उपक्रम/नामी निजी कंपनी/एमएनसी के साथ कम से कम तीन वर्ष तक काम करने का पूर्व अनुभव हो। निविदा दस्तावेज के साथ पिछले तीन वर्षों (2016–17, 2017–18 और 2018–19) का लेखापरीक्षित लेखाओं की प्रति संलग्न की जाए। फर्म का पिछले तीन वित्तीय वर्षों में प्रति वर्ष 5,00,000/– रुपये (पांच लाख रुपये) से कम कारोबार नहीं हो।

(3) फर्म के पास अपनी आवश्यक अर्हता और अनुभव वाले स्टाफ हों और उसे एएमसी कार्य उचित तथा प्रभावी रूप से करने की सुविधा हो।

(4) फर्म को निविदा दस्तावेज में विहित सभी निबंधन और शर्तों को पूरा करना चाहिए।

(5) फर्म का पंजीकरण संख्या, फर्म/कंपनी का संविधान और अपेक्षित मुख्तारनामा, जैसा भी मामला हो, को दर्शाने वाले कागजात।

(6) फर्म का पैन कार्ड और जीएसटी पंजीकरण (स्वप्रमाणित)। यदि निविदाकर्ता जीएसटी के अंतर्गत नहीं आता है तो स्व–प्रमाणपत्र देना होगा।

(7) सभी एमएसई विक्रेताओं को छोटे और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा जारी एमएसई आदेश संख्या, 2012 के लिए लोक क्रय नीति (पीपीपी) में यथा वर्णित एमएसई के उपलब्ध लाभों के लिए अपना यूएएम संख्या जमा करना अपेक्षित है।

3. निविदा दस्तावेज

निविदा दस्तावेज में इस दस्तावेज के पृष्ठ संख्या 2 पर सूचीबद्ध सभी दस्तावेज होते हैं। इन सभी दस्तावेजों को नीचे दिए गए तरीके के अनुसार एक साथ जमा करना चाहिए, जिसके न होने पर निविदा रद्द कर दी जाएगी। अपूर्ण और शर्त युक्त निविदा भी रद्द कर दी जाएगी।

4. निविदा जमा करने की समय सीमा/तरीका

4.1 सभी तरह से पूर्ण निविदा दिए गए पते पर 15 मई, 2020 को 1500 बजे तक अवश्य पहुंच जानी चाहिए। 15 मई, 2020 को 15:00 बजे के बाद प्राप्त निविदाओं को नहीं खोला जाएगा और इन्हें रद्द कर दिया जाएगा।

4.2 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अवकाश घोषित होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा प्राप्त की जाएगी और उसी समय और स्थान पर निविदा खोली जाएगी।

4.3 निविदा महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली : 110002 पर स्थित भादूविप्रा के कार्यालय में 15 मई, 2020 को 15:30 बजे खोली जाएगी।

4.4 मुहरबंद निविदा केवल व्यक्तिगत रूप से जमा करायी जाए। कूरियर/ईमेल/टेलीग्राम के माध्यम से प्राप्त ओटीई स्वीकार नहीं की जाएगी। भादूविप्रा को निविदाओं को जमा करने और खोलने की तारीख को बढ़ाने का अधिकार है।

4.5 अनुबंध– एक में दिए गए निविदा प्रपत्र के उपयुक्त पत्र में सभी दर लिखी जानी चाहिए और इस अनुसूची के प्रत्येक पृष्ठ पर बोलीदाता या उसके प्राधिकृत हस्ताक्षरी पूरा हस्ताक्षर करे।

4.6 ''कार्य का क्षेत्र और निबंधन एवं शर्तें'' संबंधी भाग – तीन में यथा वर्णित कार्य के सभी पहलुओं पर विचार करने के उपरांत बोली प्रपत्र को सावधानी पूर्वक भरा जाए। बोलीकर्ता का भादूविप्रा में व्यापक एएमसी कार्य के लिए इस निविदा दस्तावेज में दिए गए कार्य को नहीं समझ पाने या किसी अन्य कारण के आधार पर दरों या संविदा के निबंधन और शर्तों में परिवर्तन या भिन्नता लाने संबंधी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। दरों की अनुसूची में किसी प्रकार का कटाई/मिटाई/उपरिलेखन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4.7 बोलीदाता दरों का विश्लेषण प्रस्तुत करेगा यदि भादूविप्रा ऐसा करने के लिए कहें।

4.8 भादूविप्रा को किसी भी चरण में पुन निविदा निकालने या निविदा के निबंधन और शर्तों को संशोधित करने का अधिकार है।

4.9 यदि भादूविप्रा दरों में कमी करने के लिए बातचीत करता है तो बोलीदाता अपने दिए गए दरों में वृद्धि नहीं करेगा और ऐसी बातचीत से मूल प्रस्ताव रद्द या वापस नहीं लिया जाएगा और दिए गए दर बोलीदाता के लिए बाध्यकारी होगा।

4.10 किए जाने वाले कार्य मदों में कोई अंतर, योजन और/या लोप से बोली में बोलीदाता द्वारा दिए गए दरों के संबंध में कोई विवाद का आधर नहीं बनेगा। बोलीदाता द्वारा दिए गए दर कार्य की मात्रा पर ध्यान दिए बिना लागू होगा।

4.11 विभिन्न शीर्षों के लिए दरों को शब्दों और अंकों दोनों में लिखा जाए। यदि ''अंकों'' में और ''शब्दों'' में दिए दरों में अंतर होने की स्थिति में शब्दों में लिखा गए दर को सही और वैध माना जाएगा। यदि एक से अधिक या अनुचित दर दिया जाए तो सरसरी तौर पर निविदा रद्‌द कर दिया जाएगा और विचार नहीं किया जाएगा।

4.12 निविदा दस्तावेजों का प्रत्येक पृष्ठ और इससे लगा प्रत्येक सहायक दस्तावेज पर बोलीदाता द्वारा या उसकी ओर से ऐसा व्यक्ति जो हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत हो और उसकी ओर से हस्ताक्षर करेगा तथा निविदा जमा करने के समय आधिकारिक मुहर लगाया जाए।

4.13 वैसे निविदाएं जिसमें काट–छाट, मिटाया या परिवर्तन किया गया हो, उन्हें रद्‌द कर दिया जाएगा। यदि कोई संशोधन करना आवश्यक हो, तो इसे स्याही से किया जाए और ऐसे सभी संशोधन निविदाकर्ता या उसके प्राधिकृत व्यक्ति के पूरे हस्ताक्षर और तिथि सहित अभिप्रमाणित हो।

5. पूर्व अनुभव

5.1 बोलीदाता को पिछले पांच वर्ष के दौरान किसी केन्द्रीय/ राज्य सरकार अथवा सरकारी क्षेत्र के उपक्रम/ नामी निजी कंपनी/एमएनसी में तीन वर्षों का फोटोकॉपीयर मशीनों के एएमसी संबंधी पूर्व अनुभव के दस्तावेज और प्रमाणपत्र सबूत के रूप में संलग्न करे ताकि भादूविप्रा संतुष्ट हो सके।

5.2 अनुभव प्रमाण पत्र बोलीदाता के नाम पर होना चाहिए। वैसे बोलियां जो संतोषजनक प्रमाणपत्रों से युक्त नहीं होंगे, उन पर विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें रद्‌द कर दिया जाएगा।

6. फर्म का संविधान

6.1 वैसे बोलीदाता जो फर्म, कंपनी, संघ या सोसाइटी होते हैं, उन्हें दस्तावेजों के प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना चाहिए जो उनके फर्म/ कंपनी/ संघ या सोसाइटी, मुख्तारनामा और/ अथवा भागीदारी विलेख हों। सहकारी सोसाइटियों को उपर्युक्त दस्तावेजों के साथ पंजीकरण के प्रमाणपत्र की अभिप्रमाणित प्रति अवश्य जमा करनी चाहिए।

6.2 यदि निविदा स्वाम्य फर्म द्वारा जमा किया जाता है, तो फर्म का मालिक अपने पूरे नाम और वर्तमान पता सहित फर्म का नाम पर हस्ताक्षर करेगा।

6.3 यदि निविदा भागीदारी फर्म द्वारा जमा किया जाता है, तो फर्म के सभी भागीदार अपने पूर नाम और वर्तमान पता के साथ निविदा पर हस्ताक्षर करेगा या फर्म के लिए मुख्तारनामा धारक वाले भागीदार निविदा पर हस्ताक्षर करेगा और ऐसी स्थिति में मुख्तारनाम के प्रमाणित प्रति निविदा के साथ जमा करेगा। भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति, फर्म का वर्तमान पता और फर्म के सभी भागरीदारों का पूरा नाम और पता निविदा के संलग्न भी किया जाए।

6.4 यदि निजी लिमिटेड कंपनी, लिमिटेड कंपनी या लिमिटेड निगम निविदा जमा करता है, तो ऐसे निजी लिमिटेड कंपनी, लिमिटेड कंपनी या लिमिटेड निगम ज्ञापन, संस्था और संस्था के अस्तित्व के अंतर्नियम जैसे संतोषजनक साक्ष्य देंगे। निविदा दस्तावेज पर यथोचित रूप से प्राधिकृत व्यक्ति हस्ताक्षर करेंगे।

6.5 मुख्तारनाम, भागीदारी विलेख जैसे किसी दस्तावेजों के रद्द होने के बारे में भादूविप्रा को तुरंत सूचित किया जाए, जिसके न होने पर भादूविप्रा पहले जमा किए गए उक्त दस्तावेजों के आधार पर किए गए कार्रवाई के लिए उत्तरदायी या जवाबदेही नहीं होगी।

6.6 भादूविप्रा उचित विधिक सलाह लेने के बाद उप–पैरा 6.1 में उल्लिखित मुख्तारनामा और संबंधित दस्तावेजों में परिवर्तन को मान सकता है और विधिक सलाह की लागत निविदादाता/संविदादाता पर आदेय होगा।

7. स्थानीय शर्तों का अध्ययन

7.1 निविदाकर्ता को सलाह है कि वे अपने हित में भादूविप्रा के कार्यालय का दौरा करे और कार्य की प्रकृति आदि से अवगत हों।

8. प्रस्ताव की वैधता

8.1 निविदाकर्ता निविदा जमा करने के अंतिम तिथि से 90 (नब्बे) दिनों की अवधि के लिए प्रस्ताव खुला रखेगा।

9. बोली की स्वीकार्यता

9.1 बोली और निविदा दरों को स्वीकार करने का प्राधिकार भादूविप्रा के सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा, जो निम्नतम या किसी अन्य बोली को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और न ही वह इस मामले में अपने निर्णय का कारण बताने के लिए बाध्य है।

9.2 बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत सभी निविदा दस्तावेज भादूविप्रा की संपत्ति होगी और भादूविप्रा बोलीदाता को इसे लौटाने के लिए बाध्य नहीं होगा।

9.3 निविदाओं के संबंध में पक्षप्रचार करना सख्त मना है और बोलीदाता जो पक्षप्रचार करते है, द्वारा जमा निविदा रद्द कर दिया जाएगा।

9.4 यदि बोलीदाता जानबूझकर निविदा में गलत जानकारी देता है या कोई सूचना/तथ्य छुपाता है, तो भादूविप्रा कोई कारण बताए और कोई वित्तीय दायित्व के बिना कार्यवाही के किसी चरण में ऐसे निविदा को रद्द करने का अधिकार है।

10. वित्तीय निविदाओं के लिए मूल्यांकन मानदंड

10.1 फर्म का चयन वित्तीय निविदाओं में फर्म द्वारा दिए गए निम्नतम दर के आधार पर किया जाएगा। जीएसटी, यथा प्रयोज्य, सहित दर दिया जाना चाहिए।

11. करार निष्पादन

11.1 बोलीदाता जिसकी निविदा स्वीकृत होती है, उसे व्यक्तिगत रूप से भादूविप्रा के कार्यालय में उपस्थित होना अपेक्षित होगा या यदि बोलीदाता फर्म, कंपनी या निगम हो, तो यथोचित प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित होगा और भादूविप्रा के कार्यालय से जारी पत्र की तारीख से पंद्रह (15) दिनों के अंदर करार करेगा तथा भादूविप्रा द्वारा विनिर्दिष्ट तारीख से कार्य शुरू करेगा। ऐसा नहीं होने पर निविदा के निबंधन और शर्तों का अनुपालन नहीं होगा। ऐसी स्थिति में भादूविप्रा जैसा उचित समझे वैसा उपयुक्त कार्य करने के लिए स्वतंत्र होगा।
11.2 बोलीदाता निविदा दस्तावेजों के विषय–वस्तु को निजी और गोपनीय समझेगा।

13. पत्राचार के लिए डाक पता

13.1 फर्म भादूविप्रा द्वारा दिए गए सभी सूचना को गोपनीय मानेगा और वह इन सूचनाओं को भादूविप्रा के लिखित अनुमति के बिना किसी व्यक्ति को सूचना साझा नहीं करेगा।

14. अप्रत्याशित घटना

14.1 करार के जारी रहने के दौरान किसी समय करार में विनिर्दिष्ट कोई कार्य का फर्म द्वारा निष्पादन पूर्ण या आंशिक रूप से युद्ध या बंधक, जन शत्रुता के कार्य, नागरिक विप्लव, तोड़–फोड़, राज्य के कार्य या सांविधिक प्राधिकारी से निदेश, बम विस्फोट, महामारी, संगरोध प्रतिबंध, अग्नि, बाढ़, प्राकृतिक आपदा या ईश्वर के कृत्य, (इसमें इसके पश्चात घटना के रूप में संदर्भित), बशर्ते कि किसी ऐसी घटना के होने की सूचना एजेंसी द्वारा भादूविप्रा को इसके घटने के तारीख से सात कैलेंडर दिवस के अंदर लिखित में दिया जाए, तो फर्म को अपने कार्य निष्पादन में छूट दी जा सकती है। बशर्ते यह भी कि ऐसी घटना के समाप्त होने या नहीं रहने के पश्चात फर्म द्वारा संविदा के अंतर्गत कार्य यथा शीघ्र शुरू किया जाएगा। भादूविप्रा का निर्णय कि क्या कार्य इस प्रकार शुरू किया जा सकता है (और समय– सीमा जिसके अंतर्गत कार्य शुरू किया जा सकता है) या नहीं, अंतिम और निर्णायक होगा।

14.2 यद्यपि उपर्युक्त अप्रत्याशित घटना से करार की अवधि में किसी प्रकार से विस्तार नहीं करेगा।

15. संविदा को शासित करने वाले कानून
15.1 संविदा लागू होने की समय के दौरान भारत के कानून से शासित होगा।

16. न्यायालयों के क्षेत्राधिकार

16.1 जिस स्थान पर संविदा हस्ताक्षरित होता है, वहां का न्यायालय ही संविदा से उद्भूत या संविदा के संबंध में किसी विवाद पर निर्णय करने का अधिकार होता है।

17. मध्यस्थता

17.1 भादूविप्रा और फर्म के बीच इस करार के अंदर आए किसी मामले में या इससे प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः उद्‌भूत या उक्त करार के निबंधन और शर्तों के कार्यान्वयन के मामले में उक्त करार से आनुषंगिक या संबंधित मामले के संबंध में उद्‌भूत विवाद की स्थिति में मामले को एकमात्र मध्यस्थ के रूप में सलाहकार (ए), भादूविप्रा को इस तत्थ के बावजूद भेजा जाएगा कि ऐसा अधिकारी प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः इस करार से जुड़ा हुआ है। फर्म को एकमात्र मध्यस्थ के रूप में भादूविप्रा के ऐसे अधिकरी की नियुक्ति पर कोई आपत्ति करने का अधिकार नहीं होता है। मध्यस्थ का निर्णय अंतिम और करार के दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा जो मध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 के उपबंधों और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अध्यधीन होगा। पक्ष स्पष्ट रूप से सहमत होते हैं कि मध्यस्थम कार्यवाही नई दिल्ली में होगी। माध्यस्थम की भाषा केवल अंग्रेजी होगी।

(मनीष नेगी)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (सामान्य प्रशासन)

भाग – तीन

संविदा का कार्यक्षेत्र, शासित करने वाले निबंधन और शर्ते

1. कार्य का क्षेत्र और प्रकृति

1.1 ठेकेदार फोटोकॉपीयर मशीनों के प्रचालन और व्यापक अनुरक्षण के लिए योग्य और अनुभवी स्टाफ नियुक्त करेगा और उपकरण के अिनुरक्षण के लिए एक माह में दो बार दौरा करेगा।

1.2 कंपनी सभी कार्य दिवस में सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक अनुरक्षण सेवा प्रदान करेगा। यदि जरूरत हो, तो कंपनी शिकायत की पूर्व सूचना मिलने पर छुट्टी के दिन भी सेवा प्रदान करेगा।

1.3 फर्म निविदा में अपने दर दे सकता है। ठेकेदार अपने दर/ प्रस्ताव देने से पहले अपने खर्च पर स्थान का दौरा कर सकता है। कार्य शुरू करने से पहले ठेकेदार विभाग को अपने कर्मचारियों और उनके प्रमाणपत्र जमा करेगा।

1.4 ठेकेदार ब्यौरा, निबंधन और शर्तें, विशेष ब्योरा और विशेष शर्तों आदि को ध्यान में रखकर अपना दर देगा और जब तक अन्य विनिर्दिष्ट न किया जाए, कुछ भी अतिरिक्त देय नहीं होगा। यदि बोलीदाता में कोई स्थान, चाहे जो हो, रिक्त छोड़ कर किसी मद के लिए दर नहीं देता है, तो यह माना जाएगाा कि बोलीदाता ने अन्य मद (मदों) में इस मद/ इन मदों की लागत जोड़ दी है, और वह शून्य लागत पर इस मद/इन मदों का कार्य करेगा, और तद्नुसार निविदा पूरी की जाएगी।

1.5 फर्म का इंजीनियर भादूविप्रा के सामान्य प्रशासन (सामान्य प्रशासन) शाखा के अनुदेशों के अंतर्गत कार्य करेगा और उसने जिन शिकयतों पर कार्य किया है, प्रत्येक शिकायत के लिए शिकायत पत्र प्रस्तुत करेगा। शिकायत पत्र में शिकायत की प्रकृति, मशीन की अवस्थिति, किए गए कार्य का ब्योरा और शिकायत निपटान में लगा समय के बारे में स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा। इंजीनियर को संबंधित प्रयोक्ता से शिकायत पत्र पर हस्ताक्षर कराना और इसे सामान्य शाखा में जमा करना जरूरी है।

1.6 सीएएमसी में सभी प्रकार के दोषों का सुधार करना शामिल होगा। इंजीनियर को सभी शिकायतों पर उसी दिन काम करना सुनिश्चित करना होगा और किसी सिस्टम का अनुरक्षण समय केवल एक कार्य दिवस तक ही होगा।

1.7 कंपनी सभी निवारक अनुरक्षण करेगा, खराबी दूर करेगा, सभी प्रकार के स्पेयर पार्टस/ सभी पुर्जे/ किसी भी कारण से हुए टूट– फूट बदलेगा, और सभी उपभोज्य मदें यथा टोनर, ड्रम, फिक्सिंग फिल्मस आदि निःशुल्क करेगा।

1.8 फोटोकॉपी मशीनों की मरम्मत कार्यालय में ही होगा। यदि मरम्मत के लिए मशीन को ले जाना जरूरी होगा, तो भादूविप्रा के प्राधिकृत प्रतिनिधि का अनुमोदन अपेक्षित होगा।

1.9 फर्म सभी दोषपूर्ण पार्टों को समान मेक और मॉडल से बदला जाए, तथापि, बाजार में उपलब्ध नहीं होने पर पार्ट्स बदलने से पहले उपयुक्त वैकल्पिक मेक और मॉडल के लिए अनुमोदन लेना होगा। दोषपूर्ण पार्ट फर्म की संपत्ति होगी।

1.10 फर्म इंजीनियरों / कंपनी का कार्यरत मोबाइल फोन / लैंडलाइन टेलीफोन नंबर देगा ताकि तात्कालिकता की स्थिति में संपर्क किया जा सके।

1.11 कंपनी के प्राधिकृत प्रतिनिधि(यों) के अतिरिक्त अप्राधिकृत व्यक्ति को मशीन पर कार्य करने की अनुमति नहीं होगी।

1.12 सभी मशीनों का निवारक अनुरक्षण 15 दिन में एक बार किया जाएगा। कंपनी निवारक अनुरक्षण के लिए प्रत्येक महीने के शुरू में समय–सूची देगा।

1.13 यदि फोटोकॉपी मशीनों का अनुरक्षण नहीं किया जाता है और इस कारण से भादूविप्रा को कहीं और से अपने जोखिम और लागत पर अनुरक्षण कार्य करवाना पड़ता है, तो इस वजह से हुई हानि और नुकसान की भरपाई चूककर्ता बोलीदाता के प्रतिभूति जमा राशि से वसूला जाएगा।

1.14 यदि भादूविप्रा कार्यालय एनसीआर में वर्तमान अवस्थिति से अन्य अवस्थिति पर स्थानान्तरित हो जाए, तो सर्विस नए अवस्थिति में दी जाएगी।

1.15 किसी मंत्रालय / विभाग द्वारा किसी समय फर्म को कालीसूची में डाला गया हो तो वैसे फर्म आवेदन नहीं करेंगे। यदि तथ्य छुपाया जाता है, और संविदा अवधि के दौरान भादूविप्रा के ध्यान में यह तथ्य आ जाए, तो संविदा तुरंत समाप्त कर दी जाएगी और प्रतिभूति जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। यदि तथ्य संविदा दिए जाने से पहले पता चल जाए तो बोली तुरंत रद्द कर दी दिया जाएगा और निविदा एल2 बोलीदाता को दिया जा सकता है। इस आशय का एक घोषणा पत्र देना होगा कि निविदाकर्ता को केन्द्रीय / राज्य सरकार / सरकारी क्षेत्र की ईकाई द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है या इसके संविदा को अनुबंध– दो के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान खराब निष्पादन के आधार पर समाप्त नहीं किया गया है।

1.16 फोटोकॉपी मशीन का मेक और मॉडल अनुबंध– तीन में दिया गया है।

2. भुगतान की शर्तें और अर्थदंड संबंधी खंड

2.1 फर्म को एएमसी शुल्क का भुगतान त्रैमासिक आधार पर किया जाएगा और तीन माह समाप्त होने के बाद अंतिम माह में 10 तारीख तक बिल जमा कर दिया जाए। तिमाही कार्य के संतोषजनक पूर्ण होने के उपरांत एनईएफटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

2.2 प्रयोज्य नियमों के अनुसार टीडीएस और सभी अन्य कर की कटौती की जाएगी।

2.3 ठेकेदार ब्यौरा, निबंधन और शर्ते, विशेष ब्योरा और विशेष शर्तों आदि को ध्यान में रखकर अपना दर देगा और जब तक अन्य विनिर्दिष्ट न किया जाए, कुछ भी अतिरिक्त देय नहीं होगा। यदि बोलीदाता में कोई स्थान, चाहे जो हो, रिक्त छोड़ कर किसी मद के लिए दर नही देता है, तो यह माना जाएगाा कि बोलीदाता ने अन्य मद (मदों) में इस मद/इन मदों की लागत जोड़ दी है, और वह शून्य लागत पर इस मद/ इन मदों का कार्य करेगा, और तद्नुसार निविदा पूरी की जाएगी।

2.4 फर्म को शिकायत मिलने पर उसके प्रतिनिध तुरंत उसी दिन कार्रवाई करेगी। यदि शिकायत शाम में प्राप्त होता है तो इस पर कार्रवाई अगले दिन दोपहर तक किया जाए। शिकायतों पर कार्रवाई नहीं किए जाने/ दिए गए समय सीमा में दोषपूर्ण पार्टों को नहीं बदलने पर जुर्माने के रूप में प्रति मशीन प्रति दिन 200/– रुपये प्रभार किया जाएगा और इसे मासिक बिल में से काट लिया जाएगा।

3. संविदा की अविधि

3.1 आरंभिक चरण में करार के शुरू होने की तारीख्स से एक वर्ष (01) की अवधि के लिए संविदा दी जाएगी। भादूविप्रा को इसे एक और वर्ष या ज्यादा वर्षों के लिए बढ़ाने का अधिकार होता है। भादूविप्रा को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय करार समाप्त करने का अधिकार है। तथापि, भादूविप्रा और सफल बोलीदाता के बीच औपचारिक करार पर अलग से हस्ताक्षर किया जाएगा।

3.2 फर्म के लिए यह अपरिहार्य है कि करार के समाप्त होने की तारीख पर लागू दर पर ही संविदा अवधि के बाद कम–से–कम तीन माह के लिए या नई संविदा को अंतिम रूप दिए जाने तक, जो भी पहले हो, अनुरक्षण कार्य करना जारी रखे।

4. ब्याना राशि जमा करना

4.1बोलीदाता पूर्व अर्हता बोली के साथ बयाना राशि के रूप में 5000/– रुपये (पांच हजार रुपये मात्र) जमा करेगा। ब्याना राशि बोलीदाता द्वारा वचन–पत्र के रूप में होता है ि कवह अपने प्रस्ताव से नहीं मुकरेगाा या निंबंधन और शर्तों में इस तरह से परिवर्तन नहीं करेगा कि वह भादूविप्रा को स्वीकार्य नहीं हो। यदि बोलीदाता उक्त शर्त का अनुसरण या अनुपालन नहीं करता है, तो भादूविप्रा सम्पूर्ण राशि (धरोहर राशि) जब्त कर सकती है।

5. निष्पादन प्रतिभूति जमा

5.1 सफल बोलीदाता जिसका दर अंतिम रूप से स्वीकार किया जाता है, निष्पादन प्रतिभूति जमा के रूप में संविदा मूल्य का 10 प्रतिशत (दस प्रतिशत) के बराबर जमा करेगा। निष्पादन प्रतिभूति वाणिज्यिक बैंक के एकाउंट पेई डिमांड ड्राफ्ट, फिक्स्ड डिपोजिट रसीद के रूप में जमा किया जा सकता है और यह वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी के रूप में होगा।

5.2 निष्पादन प्रतिभूति वारंटी बाध्यता सहित आपूर्तिकर्ता के सभी संविदात्मक बाध्यताओं को पूरा करने की तारीख के बाद 60 दिनों के लिए वैध होना चाहिए।

5.3 कार्य नहीं किए जाने की स्थिति में उक्त निष्पादन प्रतिभूति जमा राशि जब्त हो जाएगी।

5.4 उक्त निष्पादन जमा की प्राप्ति होने पर सफल बोलीदाता को ईएमडी लौटा दी जाएगी।

5.5 प्रतिभूति जमा/ पीबीजी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा और संविदा अवधि के सफलता पूर्वक पूर्ण होने के उपरांत प्रतिभूति जमा/ पीबीजी वापस/ जारी कर दी जाएगी। यदि निविदाकर्ता उक्त शर्त का अनुसरण या अनुपालन करने में असफल रहता है तो ईएमडी राशि जब्त की जा सकती है।

6. भादूविप्रा को कोई कारण बताए बिना किसी भी समय करार समाप्त करने का अधिकार है।

नोट : विषय–सूची के साथ उक्त प्रत्येक मानदंडों के लिए दस्तावेजी साक्ष्य जमा करना है। सभी दस्तावेजों पर सीएस/ प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर होने चाहिए। अर्हता मानदंडों के अनुसरण में जमा दस्तावेजों में प्रासंगिक भागों को चिन्हांकित करना चाहिए।

7. सामान्य

इन निबंधन और शर्तो के किसी प्रावधान के अर्थ या आशय या निर्वचन के संबंध में किसी प्रकार के स्पष्टीकरण सलाहकार (ए), भादूविप्रा से लिया जा सकता है, जिसका इस मामले में निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। कोई अन्य प्रासंगिक मामला, लेकिन जो निविदा दस्तावेज में संलग्न नहीं है, के बारे में भी सलाहकार को उद्धृत किया जाएगा और उसका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(मनीष नेगी)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (सामान्य प्रशासन)

कार्य क्षेत्र और उक्त सभी निबंधन और शर्तों के साथ उप–पैरा को ध्यानपूर्वक पढ़, समझ लिया गया है और स्वीकार है।

अनुबंध – एक

<u>बोली प्रपत्र</u>

<table>
<tr><td>1.</td><td colspan="2">फर्म/ ठेकेदार का नाम और पता तथा सम्पर्क नं0</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="2">क्या बोलीदाता/ निविदादाता/ ठेकेदार शार्प/ कैनन के फोटोकॉपी मशीनों का अनुरक्षण कार्य कार्य कर रहां है</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>3.</td><td colspan="2">क्या इस कार्य के जीएसटी के साथ पंजीकृत है? हॉ/नहीं। (यदि हॉ, वैधता तिथि बताएं)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="4">4.</td><td colspan="2">(क) प्रति माह लगभग फोटोकॉपी</td><td colspan="2">*90,000/–प्रति</td></tr>
<tr><td colspan="2">(ख) श्याम और श्वेत फोटोकॉपी मशन के लिए प्रति कॉपी का प्रस्तावित दर</td><td colspan="2">........पैसा प्रति कॉपी</td></tr>
<tr><td colspan="2">(ग) जीएसटी अतिरिक्त</td><td colspan="2">..........प्रतिशत</td></tr>
<tr><td colspan="2">(घ) कुल दर (जीएसटी सहित)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>5.</td><td colspan="2">क्या आपने अपेक्षित ब्याना राशि संलग्न किया है? हां/ नहीं। (यदि हॉ, ब्योरा संलग्न करें)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>6.</td><td colspan="2">क्या आपने प्रमाणित किया है कि आपको सभी सामान्य निबंधन और शर्तें स्वीकार हैं? हॉ/ नहीं</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>7.</td><td colspan="2">क्या आपने पंजीकरण/ आय/ जीएसटी प्रमाणपत्र संलग्न किया है? हां/ नहीं</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="4">8.</td><td colspan="2" rowspan="4">पिछले तीन वर्षों का वार्षिक कारोबार</td><td>वर्ष</td><td>कारोबार (लाख रूपये में)</td></tr>
<tr><td>वर्ष 2016–17</td><td></td></tr>
<tr><td>वर्ष 2017–18</td><td></td></tr>
<tr><td>वर्ष 2018–19</td><td></td></tr>
<tr><td>9.</td><td colspan="2">टैन/ पैन का ब्योरा</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>10.</td><td colspan="2">निविदाकर्ता ने पिछले तीन वर्षों के दौरान जिन सरकारी/ सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों/ विभागों/ स्वायत्त निकायों/ एमएनसी के साथ कार्य किया है, उसका अनुभव (संबंधित विभाग द्वारा संतोषजनक निष्पादन का प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न की जाए)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">क्रम संख्या</td><td rowspan="2">संगठन का नाम और पता</td><td rowspan="2">संविदा का मूल्य</td><td colspan="2">संविदा का मूल्य</td></tr>
<tr><td>से</td><td>तक</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>

नोट (एक) *अनुसूची में दी गई मात्रा अनंतिम है और वास्तविक अपेक्षा से अंतर हो सकता है।

अनुबंध – दो

# घोषणा

1. मैं . . . . . . . . . . . . . . . .पुत्र/ पुत्री/ पत्नी श्री . . . . . . . . . . . . . . और . . . . . . . . .. . . . . (एजेंसी/ फर्म का नाम) का प्राधिकृति हस्ताक्षरी इस घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर करने और एलटीई दस्तावेज को कार्यान्वित करने के लिए सक्षम है।
2. मैंने एलटीई के सभी निबंधन और शर्तों को सावधानी पूवर्क पढ़ और समझ लिया है तथा उनका पालन करने के लिए वचनबद्ध है।
3. मेरे/ हमारे एजेंसी/ फर्म को भारत सरकार के किसी मंत्रालय/ विभाग और भारत सरकार के उपक्रम के निविदा में भाग लेने से न तो काली सूची में डाला गया/ निषेध/ दंडित किया गया है और न ही उसके संविदाओं को पिछले तीन वर्षों के दौरान खराब निष्पादन के आधार पर समाप्त कर दिया गया है।
4. उक्त आवेदन के साथ दी गई सूचना/ दस्तावेज मेरी जानकारी और विश्वास में सही और प्रमाणिक है। मुझे ज्ञात है कि कोई गलत सूचना/ जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने से समुचित कानून के अंतर्गत अभियोग की देयताओं के अतिरिक्त किसी सभी चरण में मेरे एलटीई को रद्द किया जा सकता है।

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर
यथोचित रूप से कार्यालय की रबड़ की मुहर

नाम . . . . . . . . . . . .. . . . .
पता. . . . . . . .. . . . . . . . . .

अनुबंध – तीन

## फोटोकॉपीयर मशीन का ब्योरा

| क्रम संख्या | मॉडल नं0 | मशीनों की संख्या |
|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) |
| 1 | कैनन आई आर – 2020 | 1 |
| 2 | कैनन आई आर – 2022 | 1 |
| 3 | कैनन आई आर – 3245 | 1 |
| 4 | शार्प – एमएक्सएन 310एन | 5 |
| 5 | शार्प – 5516 | 2 |
| 6 | शार्प – 205 | 1 |
| 7 | शार्प – 5127 | 1 |
| | कुल | 12 |

नोट : दरों की अनुसूची मे ंकिसी प्रकार का काट–छांट, मिटाना या उपरिलेखन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं है और वित्तीय बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।

(फर्म के निविदा बोली के लेटर हेड में दिया जाए)

(निविदा जमा पत्र)

सेवा में,

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (सामान्य प्रशासन)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन
जवाहर लाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड)
नई दिल्ली – 110002

विषय : भादूविप्रा में फोटोकॉपीयर मशीनों के व्यापक एएमसी के लिए निविदा जमा पत्र

महोदय,

उपर्युक्त संविदा के संबंध में मुझे जारी निविदा दस्तावेज मे ंदिए गए शर्तों के अध्यधीन मैं/ हम दस्तावेजों में संलग्न बोली प्रपत्र (अनुबंध– एक) में विनिर्दिष्ट दरों पर भादूविप्रा में फोटोकॉपीयर मशीनों के व्यापक एएमसी के लिए एतत्‌द्वारा अपने/ हमारे बोली जमा करते हैं। मैं/ हम एतत्‌द्वारा प्रमाणित करते हैं कि मैंने/ हमने जांच कर ली है और मैं/ हम निविदा दस्तावेजों के सभी प्रावधानों से पूरी तरह अवगत हैं तथा मैं/ हम संतुष्ट हैं कि वे सही हैं और इसमें वर्णित सभी निबंधन और शर्तों का पालन करने के प्रति सहमत हैं।

2. निम्नलिखित प्रमाणपत्र/ दस्तावेज इसके साथ संलग्न हैं :–

(क) दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का नाम और पदनाम स्पष्ट रूप से दर्शाने वाले अधिकारिक मुहर के साथ यथोचित रूप से हस्ताक्षरित बोली और निविदा जमा पत्र

(ख) फर्म का पंजीकरण संख्या, फर्म /कंपनी का संविधान और अपेक्षित मुख्तारनामा, जैसा भी मामला हो, दर्शाने वाले कागजात

(ग) पैन कार्ड और जीएसटी पंजीकरण की प्रति (स्व–प्रमाणित)

(घ) निविदा दस्तावेज के साथ पिछले तीन वर्षों (वर्ष 2016–17, वर्ष 2017–18 और वर्ष 2018–19) का लेखापरीक्षित लेखाओं की प्रति संलग्न करे। फर्म का औसत टर्नओवर वार्षिक दस लाख रुपये से कम नहीं होना चाहिए।

(ड.) पिछले पांच वर्षों के दौरान केन्द्रीय/ राज्य सरकार और सरकारी क्षेत्र के उपक्रम/ नामी निजी कंपनी/ एमएनसी कंपनी में न्यूनतम तीन वर्ष तक ऑडियो/ वीडियो सिस्टम का व्यापक एएमसी करने का अनुभव और इसमे ंसे एक कार्य अभी चल रहां हो।

(च) 5000/– रुपये (पांच हजार रुपये) का ब्याना राशि बैंक ड्राफ्ट/ पे आर्डर के रूप में।

(छ) इस आशय का स्व–प्रमाणपत्र कि निविदाकर्ता को किसी केन्द्रीय/ राज्य सरकार/ पीएसयू द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है या उसके संविदाओं को खराब निष्पादन के आधार पर समाप्त नहीं किया गया है।

(ज) सभी एमएसई विक्रेताओं को यूएएम संख्या जमा करना अनिवार्य है ताकि वे लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा जारी एमएसई आदेश, 2012 के लिए निजी क्रय नीति (पीपीपी) में यथा वर्णित उपलब्ध लाभ ले सकें।

2.2 अन्य केन्द्रीय/ राज्य सरकार/ सरकारी क्षेत्र के उपक्रम/ स्वायत्त निकाय/ ख्याति प्राप्त निजी कंपनी/ एमएनसी के साथ मेरे/हमारे द्वारा किए गए अन्य संविदा कार्यों का ब्योरा नीचे दिया गया है –

क.........................................................................................................................................................................

ख.........................................................................................................................................................................

2.3 मैं/ हम एतत्द्वारा घोषित करते हैं कि निविदा में और इसमें संलग्न अनुबंध में भरी गई प्रविष्टियां सही हैं।

भवदीय

निविदाकर्ता(ओं) का हस्ताक्षर

बोलीदाता का पता

1.................................................................................. 1.

..................................................................................

2.................................................................................. 2.

..................................................................................

**<u>अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।</u>**